>

Title: Need to construct a rail over bridge at level crossing in Matakutta, district Chandauli, Uttar Pradesh.

श्री रामकिशुन (चन्दौली): उत्तर प्रदेश के जनपद चन्दौली में मुगलसराय-गया रेल खण्ड पर मुगलसराय का मट्कुट्टा रेलवे फाटक अधिकांश समय बंद रहता है जिससे अलीनगर-सकलडीहा मार्ग पर रेलवे फाटक के दोनों तरफ वाहनों सहित आम जनता की लंबी कतारें लग जाती हैं। रेलवे फाटक के बंद होने से स्कूल आने-जाने के लिए छात्रों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों/मरीजों को अस्पताल समय से नहीं पहुंच पाने के कारण भारी जान-माल की क्षति उठानी पड़ती है। मुगलसरायजनपद चन्दौली का एकमात्र मुख्य शहर होने के कारण मुगल सराय सकलडीहा मार्ग से हजारों की संख्या में यहाँ आम जनता अपने कारोबार-रोजगार एवं बाजारों में वस्तुओं आदि की खरीद हेतु आती रहती है। मुगलसराय शहर आने का मुख्य मार्ग मट्कुट्टा रेलवे फाटक ही है जिसके अधिकांश समय बंद होने के कारण कभी-कभी आम जनता आक्रोशित एवं आंदोलित हो जाती है जिससे कानून-व्यवस्था खराब होने की आशंका बनी रहती है।

अतः भारत सरकार से मेरी मांग है कि उत्तर प्रदेश के जनपद चन्दौली में मुगलसराय-गया रेल खण्ड के मट्कुट्टा रेलवे फाटक के स्थान पर ओवरब्रिज का निर्माण कराने का कार्य कराया जाय।